SCVB Government College Palampur

Dist Kangra, Himachal Pradesh

In addition to online teaching of the students during lockdown period due to Covid19 the college is also engaging the students in other Covid19 awareness activities and also contributing to society. In this sequence the NSS Unit of SCVB government college sucessfully organised online poster making, NSS volunteers prepare home made mask and distributed them in public. This is done under the guidance of Prof. Nancy and leadership of college principal Dr. Prajya Mishra.

Here are few glimpse of the acitivity:

पोस्टर बनाकर समझाया कोरोना

विक्रम बतरा कालेज पालमपुर के स्वयंसेवियों ने छेड़ा सामाजिक जागरूकता अभियान

दिव्य हिमाचल टीम- पालमपुर

शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की एनएसएस इकाई द्वारा कोविड-19 महामारी संकट के विरुद्ध संघर्ष का बिगुल बजाते हुए सामाजिक जागरूकता का अभियान चलाया गया है। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. प्रज्ञा मिश्रा के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारियों डा. नैंसी चौहान एवं डा. आशु फुल्ल के कुशल नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवी सामाजिक माध्यम, वीडियो संदेश, व्हाट्सऐप, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग तथा चित्रकला के माध्यम से प्रचार प्रसार कर रहे हैं। घर परिवार में रहकर बहुसंख्यक फेस मास्क बना रहे है और गांव में इनका वितरण कर रहे हैं तथा इनकी उपयोगिता ग्रामीणों को समझा रहे हैं। इस विषम समय में सामाजिक दूरी बनाए रखना कितना अहम है, इसके प्रति भी आमजन को स्वयंसेवी सजग कर रहे हैं। साथ ही कृषि संबंधी कार्यों में फेस मास्क की महत्ता को भलीभांति प्रचारित कर रहे हैं। इन स्वयंसेवकों ने दिए गए निर्देशानुसार आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड कर ली है और अपने संपर्क के परिचितों को भी इस ऐप का महत्त्व समझाते हुए इसे डाउनलोड करने को प्रोत्साहित किया है। इनके द्वारा आई गोट ऐप पर पंजीकरण भी कर लिया गया है। इसके साथ-साथ केंद्र सरकार द्वारा प्रेषित प्रशिक्षण सामग्री से युक्त डिजिटल ऐप का प्रयोग करते हुए ये स्वयंसेवी जिला कांगड़ा को उत्साहित एनएसएस इकाई द्वारा बनाए गए व्हाट्सऐप और फेसबुक समूह के साथ जुड़कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे और जनभागीदारी को विस्तृत आयाम प्रदान कर रहे हैं यथा..मेरा गांव भी एनएसएस वालंटियर, वालंटियर एक साथी अनेक, कोरोना मार भगाने हेतु सब के फोन पर आरोग्य सेतु जैसी मुहिम को सक्रियता के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।

सबको अपने साथ डिजिटल माध्यमों से जोड़ने के लिए ये स्वयंसेवी प्रयासशील हैं तथा कोरोना महामारी और आमजन के मध्य ढाल बनकर खड़े हैं।

इसके ऊपर शहीद संजय की फोटो लगाई जाए।

कोरोना को लेकर स्वयंसेवी कर रहे जागरूक

पालमपुर (कांगड़ा)। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की एनएसएस इकाई ने जागरूकता अभियान चलाया है। प्राचार्या डॉ. प्रज्ञा मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशु फुल्ल व डॉ. नैंसी चौहान की नेतृत्व में यह अभियान चल रहा है। इसमें एनएसएस स्वयंसेवी सामाजिक माध्यम, वीडियो संदेश, व्हाट्सऐप, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग व चित्रकला के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। जबकि, घर-परिवार में रहकर फेस मास्क बना रहे हैं और गांव में इनका वितरण कर इनकी उपयोगिता ग्रामीणों को समझा रहे हैं। अपने मोबाइल में आरोग्य सेतु डाउनलोड कर चुके यह स्वयंसेवी लोगों को इस ऐप को डाउनलोड करने का भी संदेश दे रहे हैं। साथ ही इसका मतलब भी समझा रहे हैं।

SCVB Degree
College Palampur
STAY HOME
STAY SAFE
PREVENTION TIPS
EAR A MASK
WASH YOUR HAND WITH SOAP
SOCIAL DISTANCING
CLOSE CONTACT WITH PEOPLE
CHECKUP TO A DOCTOR IF SICK
STAY AT HOME
NSS
Volunteer
Art by suneha



For more pictures of the event please visit photo gallery on college official website ‘www.gcpalampur.ac.in’